Title: Need to increase the capacity of LPTs in Mandsaur Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh. − Laid.

डॉ0 लक्ष्मीनारायण पांडेय (मंदसौर): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र जावरा, सीतामऊ, भानपुरा, गरोठ तथा कुकड़ेश्वर में अत्यंत अल्पशक्ति के दूरदर्शन प्रसारण केन्द्र होने के कारण कुछ किलोमीटर की दूरी तक ही लोगों को इसका लाभ मिल पा रहा है। इन प्रसारण केन्द्रों की क्षमता बढ़ाये जाने के बारे में बार-बार अधिकारियों का ध्यान आकर्ति किए जाने के बावजूद कोई समाधानकारक कार्यवाही सम्पन्न नहीं हुयी है। यदि इन केन्द्रों की प्रसारण क्षमता बढ़ा दी जाती है तो वर्तमान में जिन स्थानों पर दूरदर्शन केन्द्र स्थापित किए जाने की मांग की जा रही है उन क्षेत्रों के लोग भी लाभान्वित हो सकेंगे।

अतः मेरा सूचना प्रसारण मंत्री महोदय से अनुरोध है कि जावरा, सीतामऊ, भानपुरा, गरोठ आदि में स्थापित अत्यंत अल्पशक्ति के दूरदर्शन केन्द्रों की प्रसारण क्षमता बढ़ाने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान करें ताकि यहां के तथा आसपास के क्षेत्रों के लोगों को दूरदर्शन के कार्यक्रमों का लाभ मिल सके